NSS जनपद स्तरीय भाषण एवं रील प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक प्रतिभाग

दिनांक 28 जनवरी 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय पर सक्रिय सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया गया। दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सहजनवा में आयोजित जनपद स्तरीय भाषण एवं रील प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात अनुशासन, दुर्घटना रोकथाम तथा सुरक्षित जीवन शैली जैसे विषयों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।